Title: Re: Allotment of land for young entrepreneurs.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): सभापति महोदय, भिंड संसदीय क्षेत्र में गोहद विधान सभा के औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर में आज बहुत सारी औद्योगिक कंपनियां बंद हो चुकी हैं ।

महोदय, ऐसी स्थिति में, बंद हुई कम्पनियों की भूमि को, बंद उद्योगों की जमीन को हमारे भिंड जिले के होनहार, नए युवा उद्यमियों को रोजगार हेतु आवंटित किया जाए, जिससे उस लोक सभा क्षेत्र के युवा उद्यमियों को उस जमीन पर रोजगार करने का अवसर मिल सके और ऐसे युवा, उद्यमी बनकर औद्योगिक क्षेत्र में अपना नाम रोशन कर सकें ।